मुंबई मेट्रो के लिए बीईएमएल द्वारा मेट्रो उत्पादन की शुरुआत

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न श्रेणी- I कंपनी और भारत में मेट्रो कारों के प्रमुख निर्माता है, ने एमएमआरडीए (मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी) को उनके एमआरएस1 परियोजना के लिए आज बेंगलूर में मेट्रो कारों का उत्पादन शुरू किया।

आज बीईएमएल बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में श्री डी.एस. मिश्रा, आईएएस, सचिव, आवास और शहरी व्यवहार, भारत सरकार, श्री आर.ए. राजीव, आईएएस, मेट्रोपोलिटन आयुक्त, एमएमआरडीए, श्री मंगू सिंह, एमडी, दिल्ली मेट्रो, श्री अजय सेठ, आईएएस, एमडी, बेंगलूर मेट्रो और एमएमआरडीए, डीएमआरसी तथा बीईएमएल के वरिष्ठ कार्यपालकों के मेजबान उपस्थिति में एमएमआरडीए के लिए मेट्रो कारों का उत्पादन औपचारिक रूप से शुरू किया गया था।

डीएमआरसी और एमएमआरडीए से प्राप्त समर्थन को स्वीकार करते हुए, बीईएमएल के सीएमडी, श्री दीपक कुमार होता ने कहा, "बीईएमएल नियत शेड्यूल के अंदर एमएमआरडीए को मेट्रो कारों की आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है और कर्मचारियों और कार्यपालकों के समर्थन से एमएमआरडीए के लिए अत्याधुनिक नवोन्मेष कोचों के निर्माण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।"

आवश्यकता के अनुसार मेट्रो कारों और इंटरमीडियट कारों की आपूर्ति के लिए संतुष्टि व्यक्त करते हुए बीएमआरसीएल के एमडी, श्री अजय सेठ ने निकट भविष्य में बीईएमएल को सभी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

बीईएमएल को एमएमआरडीए के लिए आदेश प्राप्त करने में बधाई देते हुए, डॉ मंगू सिंह, एमडी, डीएमआरसी ने कहा कि, "डीएमआरसी के लिए आरएस -1 परियोजना की शुरुआत से लेकर बीईएमएल के साथ मिलकर डीएमआरसी काम करता आ रहा है और मुझे विश्वास है कि बीईएमएल आवश्यक मानकों के अनुसार मेट्रो कारों की सुपुर्दगी करेगा।"

अपने संबोधन में, श्री राजीव, आयुक्त, एमएमआरडीए ने कहा कि यह बीईएमएल के लिए गर्व का क्षण है और उन्होंने बीईएमएल कर्मचारियों को सफलता पाने तथा मेट्रो कारों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार वितरित करने का आह्वान किया।

श्री डी.एस. मिश्रा, आईएएस, सचिव, आवास और शहरी व्यवहार, भारत सरकार ने अपने भाषण में कहा कि “बीईएमएल ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी के माध्यम से भारत में मेट्रो के लिए 505 कोचों का सबसे बड़ा ऑर्डर हासिल करने में महान उद्यम प्रदर्शित किया है और इससे माननीय प्रधान मंत्री के “मेक इन इंडिया” दृष्टि को साकार किया है। मैं दुनिया में सर्वश्रेष्ठ स्थान के साथ गुणवत्ता, समय और मात्रा के मामले में प्रतिस्पर्धा करने वाला उत्पाद बनाने के लिए बीईएमएल को बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि बीईएमएल न केवल आंतरिक आवश्यकताओं को पूरा करेगा बल्कि अन्य देशों को भी निर्यात करेगा”।

यह याद किया जा सकता है कि बीईएमएल ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के होते हुए भी, मुंबई मेट्रो कॉरिडोर 2 और 7 के लिए 378 मेट्रो कारों (प्रति सेट में 6 कारों के 63 मेट्रो ट्रेन सेट) की आपूर्ति के लिए पहले एमएमआरडीए से 3015 करोड़ रुपए का आदेश हासिल किया। उक्त अनुबंध में मेट्रो कारों के पुर्जे, डिजाइन, संस्थापन और कमीशनिंग शामिल हैं।

मेट्रो ट्रेन 25 केवी एसी ट्रैक्शन पर परिचालित होगी और यात्री सुरक्षा के लिए सीसीटीवी निगरानी से सुसज्जित होगी और हर तरफ चार दरवाजों के साथ स्टेनलेस स्टील की बॉडी और रियल-टाइम ट्रैक मॉनिटरिंग होगी। प्रत्येक कार में 300 यात्रियों को ले जाने की वहन क्षमता है।

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा मीडिया रिलीस
दिनांक : 29.07.2019

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :
एस. रमानंद
सहायक महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार)
बीईएमएल लिमिटेड
23/1, चौथा मेन, एस.आर. नगर,
बेंगलूर - 560 027
दूरभाष : 080-22224457
मोबाइल : +91 97 413 51582